महत्वपूर्ण एवं खास

बटमूल आश्रम कॉलेज एनएसएस कैम्प में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

रायगढ़। रायगढ़ के पूर्वांचल क्षेत्र में बटमूल आश्रम कॉलेज विद्यमान है जिसमे प्रत्येक वर्ष क्षेत्र के सैकड़ो छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर अपना भविष्य बनाते है। कॉलेज प्रबंधन प्रत्येक वर्ष हस्स का कैम्प लगाती है जिससे दर्जनों छात्र-छात्राएं भाग लेते है। इस कैम्प में बौद्धिक एवं शरीरिक ज्ञान का संचार होता है। इस वर्ष भी बटमूल आश्रम कॉलेज के प्राचार्य पद्मलोचन पटेल के निर्देशानुसार ग्राम भोजपल्ली में NSS कैम्प आयोजित किया गया जिसके प्रभारी शिक्षक गजेंद्र चक्रधारी एवं कैम्प संचालन सनातन भोय अध्यक्ष रजनी पटेल, उपाध्यक्ष सरस्वती गुप्ता, प्रतिवेदक गौरांग चौहान रहे।

युवा विधायक को बधाई देने पहुंचे एनटीपीसी लारा प्रभावित

रायगढ़। एनटीपीसी भू-विस्थापितों द्वारा अपने स्थाई नौकरी एवं पुनर्वास लाभ के मांग को लेकर अब तक छत्तीसगढ़ का सबसे लंबा आंदोलन को अंजाम दिया गया। इसमें कांग्रेस पार्टी के सभी दिग्गजों ने भरपूर सहयोग दिया जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, टीएस सिंह देव एवं युवा विधायक प्रकाश नायक सम्मिलित थे बीजेपी के शासनकाल में भू-विस्थापितों ने अपनी मांग को लेकर सभी स्तरों में जी जान लगाकर प्रयास किया था। लेकिन बीजेपी सत्ताधारीयों ने उनकी एक न सुनी और भू-विस्थापितों को लगातार आंदोलन में डटे रहना पड़ा। लेकिन विधानसभा चुनाव के पश्चात् भू-विस्थापितों में खुशी की लहर दौड़ गई क्योंकि जिस सरकार ने उनके हितों का दमन किया था वो चुनाव हार चुकी है और जिस पार्टी ने पग-पग पर उनका सहयोग किया था अब छत्तीसगढ़ की बागडोर उनके हाथ में है।

बात करने मोबाइल मांगकर ले भागे

रायगढ़ । मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजन का मदद करना युवक को भारी पड़ गया जिसमें युवक ने एक युवक की मदद करते हुए मोबाइल फोन पर उसके परिजनों से बात करवा रहा था इस बीच आरोपी ने उक्त मोबाइल को लेकर चंपत हो गया। पीड़ित युवक ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज करवाया है। चन्द्रशेखर देवांगन मेडिकल कालेज अस्पताल में अपने परिचित को देखने अस्पताल आया हुआ था, जहां ओपीडी काउंटर के एक व्यक्ति ने चंद्रशेखर से घर मे फोन करने के लिए फोन लगाने की बात कही जिस पर अज्ञात व्यक्ति की गुहार पर फोन लगाकर दिया हैं इस पर जहां बात करते हुए भीड़ भाड़ का लाभ उठाकर उक्त व्यक्ति मोबाईल ले उड़ा । युवक ने फोन लेकर भागने वाले व्यक्ति की खोजबीन अपने स्तर में किया जिसमे कुछ पता नही चलने से कोतवाली थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराया। वही अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर तफ्तीश में पुलिस जुट गई है।

बैंक की सुरक्षा व यातायात पाकिंर्ग व्यवस्था के संबंध में ली गई बैठक

रायगढ़ । पुलिस कप्तान राजेश अग्रवाल के दिशा निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात आरके मिंज द्वारा जिला मुख्यालय में संचालित समस्त बैंक के प्रबंधकों का यातायात थाने में सुरक्षा, यातायात एवं पाकिर्ग व्यवस्था के संबंध में बैठक लिया गया जिसमें बैठक में एएसपी राठौर ने बैंक प्रबंधकों को सुरक्षा के साथ सतर्कता पर ध्यान देने को बोले।

नियमों को ताखमें रखकर लगाए जा रहे मोबाइल टावर

नगर निगम व जिला प्रशासन के पास नहीं है पुख्ता रिकार्ड

रायगढ़। वर्तमान दौर आधुनिकता की चकाचौंध में है जिसमें सबसे अधिक मोबाइल का प्रयोग हो रहा है। इसमे हाई स्पीड नेटवर्क के चक्कर में शहर में जगह-जगह मोबाइल टावरों का जाल बिछाया गया है। वही वर्तमान में जिओ कम्पनी के14 टावर को शहर में लगाया जाना है। आलम यह है कि इस सारे नियम कानून को ताक में रखा जा रहा जा है, जिसमे सम्बंधित अधिकारी व मकान मालिक मोबाइल कम्पनी से सांठगांठ करते हुए मोबाइल टावर नजूल भूमि पर खड़े कर दिये। विभाग के अधिकारियों को शहर में कितनी टावर लगी हुई है इसकी भी जानकारी नही

है। उक्त मोबाइल टावर पंजरी प्लांट आफिसर कालोनी के सामने स्थित मकान की छत पर है।गौरतलब है कि शहर में कई नई मोबाइल टवर लगाया जा रहा है। इससे रेडिएशन का खतरा बढ़ता जा रहा है। खासकर घनी आबादी के बीच लगाए गए मोबाइल टावरों से आगे स्वास्थ्य पर परेशानी बढनी निश्चित माना जा रहा है।टावर लगाने के दौरान इन बातों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है या कहें शासन के जिम्मेदार टावर लगाने के मापदंडों की अनदेखी कर रहे हैं । इसीलिए स्कूलों के समीप या घनी आबादी के बीच भी टावर लगा दिए गए है। इसलिए मोबाइल कंपनियां भी अपनी मर्जी से सुविधा अनुसार टावर खड़ी करने में लगे हुए है। जिसका खामियाजा आम जनता को कई गम्भीर बीमारी से चुकाना पड़ सकता है।

स्कूल-अस्पताल के इर्दगिर्द टावर

वर्तमान में प्रतिस्पर्धा का दौर चल रहा है। अनेक मोबाइल व टेलीकम कंपनियां ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा और बेहतर सुविधा बताकर ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए कई तरह के अफर व स्कीम चला रहे हैं।

ग्राहकों को सुविधा देने के नाम पर टेलीकम कंपनियों ने तो सारी हदें पार कर रही हैं । इसलिए ये कंपनियां शैक्षणिक संस्थाओं, अस्पतालों के समीप, ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय स्कूल के समीप भी टावर लगा दिए गए हैं । घनी आबादी इलाके को भी नहीं छोड़ रहे हैं ।

शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। थाना लैलूंगा अन्तर्गत रहने वाली युवती द्वारा कार्तिक राम निषाद उम्र 20 वर्ष के विरूद्ध 11 जनवरी को थाना लैलूंगा में रिपोर्ट दर्ज करायी कि कार्तिकराम निषाद करीब 02 वर्ष पूर्व से प्रेम संबंध बनाकर शारीरिक संबंध स्थापित किया । पीडिता द्वारा कार्तिकराम को शादी के लिए कहने पर कार्तिकराम शादी से इंकार करने लगा। पीड़ित युवती की रिपोर्ट पर थाना लैलूंगा में (अप.क्र. 07/19 धारा 376 IPC) दर्ज कर आरोपी कार्तिक राम निषाद को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया है।

सट्टा-पट्टी लिखने वाले दो व्यक्ति पकड़ाये

रायगढ़। थाना पूंजीपथरा में पदस्थ उप निरीक्षक आर.एस. पाण्डेय व हमराह आरक्षक विनोद शर्मा, चन्द्रशेखर बंजारे द्वारा 11 जनवरी को मुखबिर सूचना पर गेरवानी बस्ती मोड के पास ठेला में सट्टा पट्टी लिख रहे हिमांचल साहू पिता शिवचरण् साहू को पकड़े। आरोपी से सट्टा पट्टी व नगदी रकम 3460 रुपये जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 05/19 धारा 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। 11 जनवरी के शाम खरसिया पुलिस द्वारा राम जानकी मंदिर के सामने डमरू सिदार नाम के व्यक्ति को सट्टा पट्टी लिखकर सट्टा खेलाने की मुखबिर सूचना पर रेड कर डमरू सिदार को पकड़ा गया।

आरोपी डमरू सिदार पिता स्व. सावन सिदार उम्र 30 साल से 02 नग सट्टा पट्टी, नगदी रकम 1200/- रूपये जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना खरसिया में अप.क्र. 19/19 धारा 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

युवक संघ ने रामनिवास टाकीज चौक में लगाया सीसीटीवी कैमरा

रायगढ़। शहर में बढ़ती चोरी लूट व अन्य वारदात की घटना लगातार घटित हो रही है। यह चोरी व असमाजिक हरकत जिला पुलिस के लिए सिरदर्द बन गई है । जिसमें जिला पुलिस कई तरह के कार्यो को अमलीजामा पहनाने में जुटी हुई है।

प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों से धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

आरोपियों से 15 एटीएम कार्ड, 5 मोबाईल, कम्प्यूटर सेट, जेसीबी मशीन, मोटर सायकल व नगदी रूपये जप्त

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के मार्गदर्शन व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया सपन चौधरी के दिशा निर्देशन में खरसिया पुलिस द्वारा जनपद पंचायत का अधिकारी बनकर प्रधानमंत्री आवास हितग्राही सर्वे के नाम पर ग्रामीणों के निजी खाते से रुपए आहरण करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। थाना खरसिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बानीपाथर एवं ग्राम करपीपाली में निवासरत प्रार्थी/आवेदक क्रमशः हेमलाल रौतिया व भारत राम कलार के गांव दो अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल में 5 जनवरी को आकर स्वयं को जनपद पंचायत का अधिकारी बताकर प्रधानमंत्री आवास हितग्राही के सर्वे के नाम पर इनका आधार नंबर व मोबाइल नम्बर तथा थम मार्फो मशीन से उनके अंगूठे का डिजीटल निशान लेकर इनके साथ धोखाधड़ी की इनके निजी बैंक खातों से रू. 10000 व रू. 1900 रूपये आहरण कर प्राप्त कर लिये। घटना की रिपोर्ट दिनांक 11.01.19 को दोनों पीडित ग्रामीणों द्वारा थाना खरसिया में दर्ज कराया गया है, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 17, 18/19 धारा 420, 34 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

नववर्ष एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन आयोजित

खरसिया। युवा साहित्यकार राकेश नारायण बंजारे के संयोजन एवं महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका गुप्ता प्रिया के सहयोग से नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम मनाते हुए कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। 12 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायगढ़ के प्रसिद्ध समाजसेवी रामदास अग्रवाल रहे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में रक्षा विभाग भंडारा नागपुर में कार्यरत राजपत्रित अधिकारी, टेलीविजन फेम, कवि, मंच संचालक आर बी गुप्ता अहसास जी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में धरमजयगढ के कवि पुरुषोत्तम ठेठवार भी उपस्थित रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में सम्भव सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480